26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 25 फरवरी, 2026
अंक- 123 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# 'बदनाम करने की इजाजत नहीं दे सकते'

## NCERT की किताब में न्यायपालिका पर सामग्री से सीजेआई नाराज

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका से जुड़ी सामग्री पर गंभीर आपत्ति जताई है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वह किसी को भी न्यायपालिका की संस्था को बदनाम करने की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून अपना काम करेगा और जरूरत पड़ी तो अदालत स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। वहीं, जस्टिस बागची ने इसे बुनियादी ढांचे के खिलाफ बताया। मामला उस पाठ से जुड़ा है जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक हिस्सा जोड़ा गया है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मुद्दे को अदालत के सामने उठाया। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को इस तरह की सामग्री पढ़ाया जाना चिंताजनक है। इस पर सीजेआई ने कहा कि उन्हें इस विषय पर कई फोन और संदेश मिले हैं और वह पूरी तरह से मामले से अवगत हैं।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवरिया सेठ
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

## अमेरिकी संसद में डोनाल्ड ट्रम्प बोले —

# मैंने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई

### गाजा सीजफायर बड़ी जीत, वेनेजुएला नया दोस्त; ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

**वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक आज सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28



दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया।

## बीएसपी विधायक के घर इनकम टैक्स टीम का छापा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह के घर इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा। उमाशंकर सिंह बीएसपी के इकलौते विधायक हैं। वह कैंसर से पीड़ित हैं। दो बार उनका ऑपरेशन हो चुका है। लखनऊ स्थित आवास में वह आइसोलेशन में रहते हैं। 50 से ज्यादा अफसर पुलिस टीम के साथ उनके घर पर कार्रवाई कर रहे हैं। डॉक्टर और नर्स के भी आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। गोमतीनगर में उनका आवास और दफ्तर है।

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन





ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312

**किराये हेतु** एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा
यह बीमारी
भविष्य में कभी
नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# सपाइयों ने जिला मुख्यालय पर निकाली एसआईआर जागरूकता साइकिल रैली



बिजनौर( चिंगारी) ।एसआईआर के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनुज मलिक के नेतृत्व में शहर में साइकिल रैली निकाली। रैली की शुरुआत बैराज रोड स्थित वैष्णो विहार से हुई, जहां बड़ी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता पहले से ही मौजूद थे। रैली शुरु होने से पूर्व सपाइयों ने नुमाइश ग्राउंड पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नेताओं ने उनके विचारों को याद करते हुए लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की मजबूती पर बल दिया। वैष्णो विहार से निकली साइकिल रैली जजी चौक, शक्ति चौक, सिविल लाइन, डाकखाना चौराहा आदि मार्गों से होती हुई सपा कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए लोगों को एसआईआर से जुड़ी जानकारियां दीं और जनता से जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुज मलिक ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की अपील भी की। रैली में पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, अनुज मलिक, शमशाद अंसारी, डॉ. रमेश तोमर,बीके कश्यप, राधा सैनी, प्रभा चौधरी, प्रवेश चौधरी, कर्मेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।

## रमज़ान इबादत का महीना: कारी नईम अहमद

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ा निवासी कारी नईम अहमद ने कहा कि रमजान का महीना इबादत का महीना है। इस महीने में हर मुसलमान को नमाज जकात व सदका करना चाहिए। तराबीह की नमाज जरूर पढ़े। रमजानुल मुबारक का रोजा इस्लाम के अरकान में से एक अहम अरकान है, जिसके बगैर आदमी अधूरा मुसलमान है। रमजान का रोजा हर मुसलमान आकिल बालिग, मर्द, औरते पर जिसमें रोजा रखने की ताकत हो फर्ज है। जब तक कोई ऊर्ज ना हो तो रोजा छोड़ना दुरुस्त नहीं और अगर रोजा के मन्नत नजर करे तो रोजा फर्ज हो जाता है। कजा व कुफ्फारे के रोजे भी फर्ज है। इसके अलावा वे सब रोजे नफ्फिल है जिन्हें रखे तो सवाब ना रखे तो कोई गुनाह नहीं है। रोजे की इब्तिदा आदम अलैहिस्सलाम के जमाने से ही हो गई थी। नबी करीम ने नबूवत मिलने के बाद 13 साल तक मक्का मौजजमा ही में लोगों को खुदाए पाक का हुक्म सुनाते व तब्लीग करते रहे फिर मक्का मुजमा से हिजरत फरमाने के बाद अब आप मदीने तशरीफ लाए तो वहां पर अहकामात आने शुरू हुए उन्हीं में से एक हुक्म रोजे का भी था जो हर मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है।






# साहूवाला रेंज में मिला मादा हाथी का शव

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** साहूवाला रेंज में एक मादा हाथी का शव पड़ा मिलने की सूचना से वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में वन अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक आज नजीबाबाद डिवीजन की साहूवाला रेंज में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को रेंज की खारी बीट में एक मादा हाथी का शव पड़ा हुआ मिला। टीम द्वारा रेंज कार्यालय को सूचना दिए जाने के बाद तत्काल विभाग के उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। सूत्र बताते हैं कि हाथी के शव से निकल रही दुर्गंध से अनुमान लगाया जा रहा है कि कई दिन पूर्व हाथी की मौत हो चुकी थी। इस संबंध में डीएफओ अभिनव राज ने मादा हाथी का शव पड़ा मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी मृत हाथी की आयु का अनुमान नहीं लग पा रहा है, किंतु वह व्यस्क हाथी का शव है। शव एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पशु चिकित्सकों का पैनल पोस्टमार्टम के लिए मौके पर पहुंच रहा है।

# जूते पहनकर श्रद्धांजलि देने पर स्टाफ तलब



## ख़बर का असर...

**नहटौर ( चिंगारी )।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस को जूते पहनकर श्रद्धांजलि देने के मामले में चिंगारी में प्रकाशित ख़बर का संज्ञान लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने कंपोजिट विद्यालय ढकौली के पूरे स्टाफ को तलब किया है।

बता दें कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर अनेक शिक्षकों ने श्रद्धांजलि देते हुए फोटो वायरल किए थे, जिसमें कंपोजिट विद्यालय ढकोली सहित कई विद्यालयों के शिक्षकों ने शिष्टाचार भूलकर जूते, चप्पल पहनकर ही पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। सांध्य दैनिक चिंगारी द्वारा 'शिक्षकों ने जूते पहनकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की' शीर्षक से ख़बर को प्रकाशित किया था, जिससे विभाग में हड़कम्प मच गया था। बताया जाता है कि मामले में 27 जनवरी को खंड शिक्षा अधिकारी ने संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी करे, स्पष्टीकरण मांगा गया था। जिसका शिक्षकों द्वारा जवाब भी दिया गया था। बीईओ ने शिक्षकों के कार्य को अक्षम्य माना एवं विभागीय आदेशों की अवेहलना मानते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट दर्ज की प्रेषित की थी। जिला बेसिक अधिकारी सचिन कसाना ने समस्त स्टाफ कंपोजिट विद्यालय ढकौली को नोटिस जारी कर 26 फरवरी को कार्यालय में तलब किया है। जिसकी पुष्टि खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने की है। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से नोटिस जारी स्टाफ को बुलाया गया है।

# रालोद की मासिक बैठक एक मार्च को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी एक मार्च को राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक व होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बैठक पूर्वाह्न 11 बजे होगी। उन्होंने पार्टी के सभी पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों तथा जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों तथा सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों से बैठक में पहुंचने की अपील की है।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी-10, बिजनौर


सातवां रोज़ा : बुधवार, 25 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:17, शिया 6:27
आठवां रोजा : बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:22, शिया-5:15

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## राजनीति में बढ़ती फूहड़ता

भाषा हमारा परिचय होता है यानि भाषा बोलने वाले के चरित्र और विकास का प्रतिबिंब होती है। भाषा किसी संस्कृति का रोडमैप भी होती है जो यह बताती है कि इससे लोग कहां से आते और कहां जाना चाहते हैं। इस हिसाब से मौजूदा राजनीति और व्यवस्था भाषा को वापस एक ऐसे दौर में पहुंचाना चाहता है, जहां उसका उपयोग अपने विरोधियों ही नहीं, स्त्रियों और दलितों की गरिमा और मनुष्यता को छीनने के हथियार की तरह किया जाता है। यह अलग बात है कि ऐसा करने वाले भूल गए कि अंततः यह उन्हें भी नहीं बख्शेगा यह लौट फिरकर उन्हीं पर आयेगा। बताने की आवश्यकता नहीं कि मौजूदा दौर में भाषा का सर्वाधिक अवमूल्यन हुआ है। आयेदिन, हमारे माननीयों के कथन में फूहड़ता, बड़बोलापन और खोखलापन एक साथ दिखाई देता है। दरअसल, तर्क दम तोड़ रहा है और कुतर्क व भाषा की स्तरहीनता नेताओं की पहचान बनती जा रही है। भाषा दोधारी तलवार की तरह होती है। माना यह जाता है कि हम भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, मगर अक्सर भाषा भी हमारा इस्तेमाल करती है। समाज की परम्पराओं को विरासतों के साथ खिलवाड़ अपनों को भी नहीं छोड़ता। आंच आग भड़काने वालों को भी अपनी चपेट में लेती है। यह सिर्फ सत्तारूढ़ लोगों का ही नहीं, ज्यादातर विपक्ष का भी लहजा बन चुका है। कोई रुककर यह सोचने को तैयार नहीं कि उनके आचरण और भाषा के प्रयोग से समाज में क्या संदेश जा रहा है और सामाजिक वातावरण कितना दूषित हो रहा है।

## शादी में गये व्यक्ति का शव मिला

नांगल सोती (चिंगारी)। नांगल थानांतर्गत ग्राम शहजादपुर निवासी इरफान उर्फ मुंशी (45 वर्ष) पुत्र दूल्ले परसों सुबह उत्तराखंड (गंगा पार) के ग्राम रंजीतपुर में एक शादी में गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा था। कल शाम से परिजन उसे तलाश रहे थे। आज दोपहर उसका शव ग्राम रंजीतपुर के सामने गंगा में किनारे पर पड़ा हुआ मिला। थाना लक्सर की भिक्कमपुर चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजन शव को बिना किसी कार्यवाही के अपने साथ ले आये। माना जा रहा है शराब पीने के बाद गंगा में गिर जाने से उसकी मृत्यु हुई है। 28 मार्च को मृतक की पुत्री की शादी होनी थी।

# वर्ग संघर्ष: संसाधनों व सत्ता पर नियंत्रण ही मूल भावना



▶▶ विवेक रंजन श्रीवास्तव

वर्ग संघर्ष मानव इतिहास की मूल शक्तियों में से एक है, जिसने समाजों की संरचना बदली और विश्वव्यापी क्रांतियों का सूत्रपात किया। यूरोप में सामंतवाद से पूंजीवाद का संक्रमण, इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति के बाद मजदूर आंदोलन, 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, 1917 की रूसी क्रांति तथा चीन, क्यूबा और लैटिन अमेरिकी आंदोलनों में उत्पादन के साधनों पर नियंत्रण व श्रमशक्ति के शोषण के विरुद्ध संघर्षों ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संरचनाओं को उलट दिया। वर्ग विरोध की इसी वैश्विक पृष्ठभूमि में भारत का वर्ग संघर्ष केवल पूंजी और श्रम तक सीमित नहीं, बल्कि वर्ण व्यवस्था, जातीय वर्चस्व, भूमि संबंधों और राजनीति तथा सत्ता की जटिल गांठों से जुड़ा है।

भारत में वर्ग संघर्ष वर्ण जाति, औपनिवेशिक शोषण, औद्योगिक पूंजीवाद और वैश्विक पूंजी की बहुस्तरीय प्रक्रिया है, जो आज भी सक्रिय है। प्राचीन मध्यकालीन समाज में वर्ण व्यवस्था ने श्रम विभाजन व आर्थिक पदानुक्रम को वैध बनाया। कृषि अर्थ व्यवस्था में जमींदार, सामंत व उच्च वर्णीय किसान वर्ग का प्रभुत्व रहा, जबकि भूमिहीन श्रमिक, निम्न जातियों व वंचित समुदायों का कोई अधिकार न था। विद्रोहों की अंतर्धारा में वर्गीय असमानता व संसाधन कब्जे का आक्रोश झलकता था।



ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने जमींदारी व राजस्व व्यवस्था तोड़ी, रैयतों, किसानों व जमींदारों में तनाव पैदा किया तथा उद्योग, रेलवे व खदानों से मजदूर वर्ग का निर्माण हुआ। कर संग्रह, कच्चा माल व सस्ते श्रम शोषण से किसान व आदिवासी विद्रोह भड़के। 19वीं सदी के अंत में संगठित मजदूर वर्ग ने कारखाना मालिकों व औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध संघर्ष किया। प्रथम विश्व युद्ध, रूसी क्रांति व आर्थिक संकट ने वर्ग चेतना जगाई, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस बनी। स्वाधीनता आंदोलन में राष्ट्रीय नेतृत्व की राजनीतिक मुक्ति प्राथमिकता के साथ मजदूर, किसान संगठनों ने भूमि सुधार, जमींदारी उन्मूलन व समानता मांगी। आदिवासी, किसान व मजदूर हड़तालों ने वर्गीय असंतोष दिखाया। स्वतंत्रता के बाद संविधान ने समाजवादी पथ अपनाया, पर भूमि स्वामियों, उच्च जातीय व पूंजीपति वर्ग का वर्चस्व कायम रहा। आधे अधूरे भूमि सुधार व नक्सल आंदोलन ने असमान भूमि वितरण व जातीय उत्पीड़न उजागर किया। शहरों में मजदूरों को अधिकार मिले, पर सत्ता अक्सर पूंजी के पक्ष में रही।

भारत में वर्ग संघर्ष वर्ण जाति से घुला हुआ है। डॉ. अंबेडकर व मार्क्स के संवाद में कहा गया कि वर्ण संघर्ष के बिना वर्ग संघर्ष अधूरा है। सवर्ण वर्चस्व ने दलित, पिछड़े, आदिवासी व अल्प संख्यकों की अधीनता बनाए रखी। उदारीकरण ने मध्यवर्ग व पूंजीपतियों को लाभ दिया, पर असंगठित मजदूर, लघु किसान व अनुबंध श्रमिक असुरक्षित हुए। वर्ग संघर्ष खेत खदानों, सर्विस सेक्टर व झुग्गियों तक फैला रहा।

यहां वर्ग, आर्थिक स्थिति के साथ सांस्कृतिक पूंजी, जातीय पहचान व राजनीतिक पहुंच निर्धारित करता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सवर्ण विरोधी नारे वर्ण व वर्ग तनावों का संक्षेप हैं। बहुजन समाज पार्टी के उदयकाल में प्रतिनिधित्व राजनीति थी। विश्वनाथ प्रताप सिंह के समय मंडल विरोधी आंदोलन आरक्षण के विरुद्ध मध्यम वर्गीय आक्रोश था। आज यूजीसी नीतियों के विरुद्ध प्रतिरोध निजीकरण व बाजारीकरण से जुड़ा हुआ है, जो वंचितों को प्रभावित करता है।

मंडल आंदोलन अवसरों की साझेदारी के विरुद्ध था, जबकि वर्तमान स्वर संरचनात्मक असमानताओं पर है। सवर्ण विरोधी भाषा संरचना विरोध से द्वेष की ओर मुड़ सकती है। यह चिंताजनक है क्योंकि युवा राष्ट्र की दिशा तय करते हैं। विश्वविद्यालय असहमति पोषित करें, पर वह विवेकपूर्ण हो, वर्ग ध्रुवीकरण लोकतंत्र को प्रभावित करता है। अंततः वर्ग संघर्ष का मूल प्रश्न, संसाधनों व सत्ता पर नियंत्रण है। अतः वर्ग संघर्ष स्वरूप बदलकर फिर प्रगट होता रहता है। तार्किक, सम वितरण, नैसर्गिक न्याय ही वर्ग संघर्ष का किंचित समाधान है। (विनायक फीचर्स)

# दीपक अग्रवाल बने भाजपा के धामपुर नगर अध्यक्ष



धामपुर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के बाद होल्ड पर रखे गए धामपुर नगर मंडल अध्यक्ष पद पर दीपक अग्रवाल की नियुक्ति की मंगलवार की शाम घोषणा कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर नगर के मोहल्ला खातियान निवासी दीपक अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल धामपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके अलावा चकराजमल मंडल का अध्यक्ष भवीराज सिंह को तथा नहटौर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के भटियाना मंडल का अध्यक्ष हिमांशु पाराशर को घोषित किया गया है। दानवीर सिंह, धामपुर के पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र गोयल व हेमंत चौहान को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है।

नवनियुक्त धामपुर नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल नगर की अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे हैं। वह श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी, आदर्श होली हवन समिति, रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स, अक्षर परिवार धामपुर, अखाड़ा मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया, युवा अग्रबंधु समाज में विभिन्न पदों पर रहकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक अग्रवाल को धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा व युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह का करीबी माना जाता है। दीपक अग्रवाल के मंडल अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी काली पट्टी बांध कर रहे हैं परीक्षा ड्यूटी

बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश आने तक बांह पर काली पट्टी बांध कर कार्य करने का आंदोलन जारी है। आठवें दिन भी बिजनौर के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति की निंदा की है। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा व जिला मंत्री योगेश कुमार ने बताया जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर बांह पर काली पट्टी बांध कर सरकार के प्रति अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। आज कन्या इंटर कालेज धामपुर में यशवीर सिंह,लाल सिंह, सुमित शर्मा, आर्यन राजपूत, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, सुनीता, रूबि, ललित कुमार, सचिन कुमार, मूर्ति देवी कन्या इंटर कालेज नजीबाबाद में प्रदीप बडोला, राजेन्द्र कुमार, रोहित कुमार आदि ने तथा आरजेपी इंटर कालेज बिजनौर में राजेन्द्र कुमार, अनुराग भारद्वाज, अंकुश कुमार, अनिल कुमार, राजेन्द्र सिंह,अरूण कुमार, किरणपाल, अवधेश कुमार आदि तथा राजा हरवंश सिंह इंटर कालेज हल्दौर में पवित्र कुमार के नेतृत्व में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश जारी न करने, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपेक्षा करने के विरोध में बांह पर काली पट्टी बांध कर परीक्षा कार्य किया। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कहा प्रदेश सरकार लगातार शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अनदेखा कर लंबित मांगों को भी गंभीरता से नहीं ले रही है।

# शिक्षा समाज को सशक्त और संस्कारी बनाती है- प्रो. सचिन माहेश्वरी






**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में तीन दिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव का आगाज मंगलवार को पूरे जोश के साथ हुआ। युवाओं में नई प्रतिभा को जाग्रत करना और छात्र-छात्राओं को उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को जागृत करने के लिए प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सचिन माहेश्वरी कुलपति, गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के सचिव अर्जुन शाह एवं प्रयास महोत्सव की आयोजन समिति द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीए के छात्र तरूण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। गणपति बप्पा गीत पर बीएड की छात्रा सिंधु ने अपने नृत्य से सबको भाव-विभोर किया। छात्राओं द्वारा 'आयो रे मारा ढोलना' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया, साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में आगे भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रयास के संयोजक प्रोफेसर जेके विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के सचिव अर्जुग साहू ने कहा कि शिक्षा तो सभी लेने आते हैं परन्तु शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं के भीतर जो छुपी हुई आंतरिक कला है, उसको बाहर लाने का कार्य प्रयास जैसे कार्यक्रम ही करते हैं। कुलपति सचिन महेश्वरी ने कहा कि हम सभी के आचरण को शिक्षा, समर्थ और मजबूत बनाती है, साथ ही हमें संस्कारी बनाती है। कुलपति ने वर्धमान कालेज के शिक्षकों को विश्वविद्यालय की नकलविहीन परीक्षा कराने हेतु सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### पहले दिन ये प्रतियोगिताएं हुईं

महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में 23 प्रतियोगिताओं में लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 23 आंतरिक और 23 बाहरी निर्णायकों का सहयोग लिया जाएगा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में रैंप वॉक, प्रोडक्ट मार्केटिंग, रंगोली मेकिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पेंटिंग ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता, एक्सटेंपर प्रतियोगिता, ग्रुप डांस प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के कोआर्डिनेटरों में मौहम्मद साबिर, डा. अरूणिमा, डा. टीना अग्रवाल, डा. कविता रानी, करन देशवाल, अचिंत्य कुमार गुप्ता, चेतना शाक्य, डा. अंशु चौधरी, डा. अदीबा नाज़, डा. रजनी शर्मा, डा. पूजा सिंह, पारूल, डा. प्रशांत कुमार सिंह, डा. अनुराधा शर्मा, यश चौहान आदि रहे।

### आयोजन समिति इस प्रकार रही

इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव को सफल बनाने हेतु जिस आयोजन समिति ने अपना अथक प्रयास किया, उनमें कन्वीनर प्रो.जे.के. विश्वकर्मा, कोर्डिनेटर प्रो. धर्मेंद्र कुमार, आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डा. वैशाली पूनिया, कोकन्वीनर प्रो. मुकेश कुमार, कोकोर्डिनेटर प्रो. शशिप्रभा, ज्वाइंट आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डा. रेशु शर्मा, डा. दिव्या जैन के अलावा टीम प्रयास में डा. मनीष कुमार गुप्ता, डा. निदा खान, डा. सुनील पंवार, डा. बबीता चौधरी आदि शामिल रहे। समन्वयक प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रिक्रूट्स को दी गई साइबर अवेयरनेस ट्रेनिंग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में पुलिस लाइन में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में रिक्रूट्स को साइबर अपराधों की बदलती प्रकृति और उनसे निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों शशांक कुमार, मनमीत और नैतिक भट्ट ने डिजिटल ठगी के नये तरीकों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा के उपाय और साइबर अपराध होने पर त्वरित शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। प्रेजेंटेशन, केस स्टडी और वास्तविक घटनाओं के उदाहरणों के माध्यम से रिक्रूट्स को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस बल को आधुनिक चुनौतियों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ अपराध के तरीके भी बदल रहे हैं, इसलिए पुलिसकर्मियों का अपडेट रहना आवश्यक है।

सहायक पुलिस अधीक्षक गौतम राय की देखरेख में आयोजित प्रशिक्षण में पहले दिन 453 और दूसरे दिन 455 रिक्रूट्स ने प्रशिक्षण में भाग लिया। एसपी अभिषेक झा के अनुसार प्रशिक्षण से जनपद में साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।






सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
सातवां रोजा : बुधवार, 25 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16


# वरिष्ठ पत्रकार श्याम बाबू गुप्ता की माता जी का निधन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार श्याम बाबू गुप्ता की पूज्य माता जी श्रीमती दमयंती देवी का मंगलवार की शाम को निधन हो गया, उनकी आयु लगभग 90वर्ष थी, वे बीमार चल रही थीं। श्रीमती दमयंती देवी अपने परिवार के साथ चंदौसी में रहती थीं तथा वहीं पर उन्होंने अंतिम सांस ली। आज दोपहर उनका वहीं पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गई हैं। पत्रकार परिषद चांदपुर के संरक्षक गोविन्द मित्तल, नरेश जावा, पवनराज शर्मा एडवोकेट, अध्यक्ष मौ. अजमल, महामंत्री अजय कुमार कौशिक, सचिन शर्मा, जितेन्द्र शर्मा जीतू, डा. एमके कटारिया, सुभाष जावा, मनोज शर्मा, रामअवतार सिंह आदि ने वरिष्ठ पत्रकार श्याम बाबू गुप्ता की पूज्य माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

# ड्राइवर-क्लीनर को बंधक बनाकर लूटा था डंपर, हुई 7-7 साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने चालक और परिचालक को बंधक बनाकर डंपर लूटने के मामले में शहादत उर्फ मोटा और अकील उर्फ टेढ़ा को सात-सात वर्ष की कारावास और 11-11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार रेहड़ थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वहां पुलिस बल के साथ अफजलगढ़ जसपुर रोड पर 21 सितंबर 2013 को गश्त पर थे। इसी दौरान मार्ग में सड़क किनारे एक डंपर और कार खड़ी दिखाई थी। दोनों संदिग्ध लग रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो डंपर के चालक और परिचालक को कुछ बदमाश उतार रहे थे। डंपर के चालक-परिचालक ने पुलिस को देखकर बचाने के लिए शोर मचाया, तभी उक्त लूट के अभियुक्त पुलिस पर तमंचे से फायर करने लगे। पुलिस ने भी अपने बचाव में फायर किया। मौके से बदमाश फरार हो गये। डंपर के चालक ने अपना नाम विक्रम और परिचालक ने अपना नाम अनूप सिंह बताया। दोनों ने पुलिस को बताया कि कार से ओवरटेक कर फाइनेंस कंपनी का बहाना बनाकर डंपर को रोक लिया और डंपर को लूटने का प्रयास किया। इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की तथा विवेचना के बाद शहादत उर्फ मोटा पुत्र भूरे निवासी मुरादाबाद तथा अकील उर्फ टेढ़ा पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रामपुर के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में पेश की। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश अनुपम सिंह ने दोनों अभियुक्तों को घटना में दोषसिद्ध पाकर सजा सुनाई है।

# सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने दो वर्ष पूर्व की थी शिक्षा मित्रों के मानदेय बढ़ाने की मांग



**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के लिए सांसद चंद्रशेखर आज़ाद द्वारा दो वर्ष पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री को लिखे गए पत्र में उठाई गई मांगों पर अब सरकार ने संज्ञान लेते हुए वेतनमान/मानदेय बढ़ाने की दिशा में निर्णय लिया है। इससे प्रदेशभर के हजारों शिक्षामित्रों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। पत्र में सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने शिक्षामित्रों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने महंगाई के इस दौर में अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति को गंभीर बताते हुए नियमितीकरण तक अन्य राज्यों की तर्ज पर सम्मानजनक मानदेय दिये जाने की मांग रखी थी। साथ ही, शिक्षामित्रों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आयुष्मान योजना में शामिल करने, महिला शिक्षामित्रों को विवाह उपरांत समायोजन तथा मृतक शिक्षामित्रों के परिजनों को सहायता जैसे बिंदुओं पर भी पहल की बात कही थी।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत शिक्षामित्रों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से वे कम मानदेय में काम कर रहे थे, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा था। बढ़ा हुआ वेतनमान मिलने से उन्हें राहत मिलेगी और वे और अधिक मनोयोग से बच्चों की शिक्षा में योगदान दे सकेंगे। शिक्षाविदों का भी मानना है कि शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान होने से प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। शिक्षक संतुष्ट होंगे तो बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। इस फैसले को सांसद चंद्रशेखर आज़ाद की पहल और शिक्षामित्रों की वर्षों की मांग की जीत के रूप में देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार आगे भी शिक्षामित्रों के हित में ठोस कदम उठाती रहेगी।

# किन्नरों की मनमानी के विरुद्ध लोगों ने चौकी पर धरना दिया



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में किन्नरों के द्वारा जबरदस्ती धन उगाही के मामले में आज सुबह विहिप नेताओं, किसान नेताओं तथा सर्वसमाज के लोग झालू चौकी के बाहर दरी बिछाकर धरने पर बैठ गये और किन्नरों पर घरों पर जाकर बदसुलूकी, मनमानी व जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की तथा किन्नरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

उधर झालू चौकी परिसर में किन्नरों ने पहुंचकर हंगामा करते हुए खुद को निर्दोष बताया तथा पुलिस से धरना दे रहे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। मौके पर हल्दौर थानाध्यक्ष किशन अवतार मौके पर मौजूद रहे और लोगों को समझाने-बुझाने में लगे रहे। समाचार लिखे जाने तक मौके पर धरना प्रदर्शन जारी था। मौके पर ज्ञानेश्वर सिंह, कामेंद्र सिंह टीटू, परवीन सिंह, घनश्याम, हरपाल सिंह, महेंद्र सिंह, मुकेश वर्मा, कृष्णवीर, हिमांशु, शुभम आदि मौजूद रहे।




सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा
राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
सातवां रोजा : बुधवार 25 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:17, शिया 6:27
आठवां रोज़ा : गुरुवार, 26 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:22 शिया 5:15


# किसान भाई, ट्रेंच विधि से ही करें गन्ने की बुवाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल गेट क्षेत्र के गांव सरकथलसानी में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों को गहरी जुताई करने की सलाह दी गई और सभी किसानों से आह्वान किया गया कि ट्रेंच विधि से ही गन्ने की बुवाई करें। गहरी जुताई, गहरी बुवाई ही किसान की पैदावार बढ़ा सकती है। इसी के साथ चीनी मिल व गन्ना समिति द्वारा दी जाने वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान व पेस्टिसाइड्स पर अनुदान के बारे में विस्तार से समझाया। ट्रेंच विधि, पैड़ी प्रबंधन, व शहफसल आदि विधियां अपना कर अधिक उत्पादन लेने वाले किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे जी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर विनोद कुमार सिंह व इफको कंपनी के प्रतिनिधि, डिप्टी मैनेजर दिनेश राजपूत, फील्ड सुपरवाइजर कुलदीप शर्मा व गन्ना समिति के सुपरवाइजर उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता ब्रह्म सिंह दरोगा ने की। इसी कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को कॉपी पेंसिल आदि स्टेशनरी का सामान भी निःशुल्क वितरण किया गया।




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
सातवां रोजा : बुधवार 25 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:17, शिया 6:27
आठवां रोज़ा : गुरुवार, 26 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:22 शिया 5:15


# कोटद्वार में सीएसडी कैंटीन का डिपो खोलने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति कोटद्वार शहर में सीएसडी कैंटीन का डिपो खोलने की मांग की है। कहा कि इससे पहाड़ के पूर्व सैनिकों को लाभ पहुंचेगा। इस संबध में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में देहरादून के आराघर स्थित सीएसडी डिपो से उत्तराखंड परिक्षेत्र के गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के सभी सीएसडी कैंटीन को सामान सप्लाई किया जाता है, लेकिन प्रदेश में एक ही सप्लाई डिपो होने के कारण उपभोक्ता कैंटीन को सामान के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। कोटद्वार में सीएसडी डिपो खुलने से कैंटीन उपभोक्ताओं को समय पर सामान उपलब्ध हो सकता है, क्योंकि यह स्थान गढ़वाल और कुमाऊं के मध्य में स्थित है। ज्ञापन में केंद्रीय रक्षा मंत्री से इस संबध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जीत सिंह भंडारी, ठाकुर सिंह और अनसूया प्रसाद सेमवाल आदि शामिल रहे।

# 'मेरा खो गया बाजूबंद श्याम तेरी होली में'

## शिव मंदिर में महिलाओं ने किया होली के गीतों पर नृत्य

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ़ सभा (सुनारो वाले मन्दिर) में महिला कमेटी द्वारा रंगों का त्योहार होली श्रद्धापूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर तथा डैक के गीतों पर नृत्य करके समा बांध दिया। कार्यक्रम में उमा वर्मा ने बताया कि हिरण्यकुश्यप के पुत्र प्रहलाद, भगवान विष्णु की पूजा करते थे जो उनके पिता को पसंद नहीं था। इसी से विचलित होकर प्रहलाद की बुआ होलिका प्रहलाद को भस्म करने के उद्देश्य से अपनी गोद में लेकर होली में बैठ गई थी, जिससे प्रहलाद तो सकुशल बच गए थे, लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई थी इसीलिए होली पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत तथा ईश्वर के प्रति निष्ठा और विश्वास का प्रतीक है सभी वर्णो के लोग मिलजुल कर प्रेम पूर्वक होली का त्यौहार मनाते हैं। कार्यक्रम में कमलेश वर्मा, नमीता वर्मा, सुमन वर्मा, नीलम वर्मा, रचना शर्मा ने होली के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। उमा वर्मा द्वारा 'मेरा खो गया बाजूबंद श्याम तेरी होली में' गीत का गायन किया गया।


होली पर्व मनाते हुए महिलाएं।

### कार्यक्रम में ये रहीं मौजूद

**इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, स्वाति वर्मा, चाहत वर्मा, नीलम वर्मा, कमलेश वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, कंचन वर्मा, सुमन वर्मा, नमीता वर्मा, ममता वर्मा, शशि वर्मा, अनीता वर्मा, मंजू वर्मा, उमा वर्मा, पूनम वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, तनु वर्मा, उर्मिला वर्मा, रचना शर्मा, सुरभि शर्मा, रेनू तोमर, मीनू आर्य, सीमा सिन्हा, सुधा बिश्नोई, सोमवती प्रेमवती, सरोज शर्मा आदि महिलाएं उपस्थित रही।**

# मण्डलायुक्त ने विदुर ब्रांड उत्पादों का उद्घाटन किया



आन्जनेय कुमार सिंह का स्वागत करतीं आकांक्षा चौहान।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को विकास खण्ड की ग्राम पंचायत असदपुर धमरौली पहुंचे मुरादाबाद मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वदेशी विदुर ब्रांड के पशु आहार उत्पादन एवं शुद्ध सरसों तेल प्लांट का भव्य उद्घाटन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान व बीडीओ डॉ. दिनेशपाल शर्मा ने मंडल आयुक्त का पुष्पगुच्छ व राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। असदपुर धमरौली में शुद्ध सरसों तेल प्लांट का संचालन एकता स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष बाला देवी, सचिव हेम कौर तथा कोषाध्यक्ष मोनिका द्वारा तथा पुश आहार उत्पादन प्लांट का संचालन बालाजी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष लीलावती, सचिव मनोज देवी व कोषाध्यक्ष अनीता देवी द्वारा किया जा रहा है। विकास खण्ड में आकांक्षा चौहान, डॉ. दिनेशपाल शर्मा तथा सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) सलीम अहमद के प्रयासों से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए अपनी स्वयं की आय में वृद्धि करते हुए नये आयामों को छू रही हैं। कार्यक्रम में सीडीओ रण विजय सिंह, उपायुक्त स्वत: रोजगार वीरेन्द्र यादव, डीसी मनरेगा आरबी यादव, एडीओ पंचायत करूणा चौहान, बीएमसी रविता राठी, नीरज कुमार, लोकेश कुमार, गौरव कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, निशा, लल्लन, ज्योति, बबीता, मुनेश, सीमा आदि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा छोटन, जावेद अख्तर बीएमएम आदि उपस्थित रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

सातवां रोजा : बुधवार, 25 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:17, शिया 6:27
आठवां रोजा : बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:22, शिया-5:15

# एनपीएस-यूपीएस पूंजीपतियों का षड्यंत्र : चंद्रहास



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एनपीएस-यूपीएस के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कृषि विभाग के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष लखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री रामप्रसाद के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है, जिसमें केवल पूंजीपतियों का लाभ पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है, अब पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष निर्णायक मोड़ पर है। ये हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए ईमानदारी से संघर्ष करने की आवश्यकता है। कृषि मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि यह हमारे भविष्य का सवाल है हम अटेवा के प्रत्येक संघर्ष में साथ हैं। सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। बैठक में जिला मंत्री निर्भय कुमार, नरेश कुमार सैनी, सचिन कुमार, रवि कुमार, राजविंदर सिंह, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, मनीष चौधरी, अरुण कुमार, महेश कुमार, रजत चौधरी, जितेंद्र कुमार, गजेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, विशाल तोमर, आदित्य वीर आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज में हुई रोज़ा इफ़्तार पार्टी



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** एएचएम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के सभागार में सामूहिक रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन सर्वधर्म सद्भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन हाफ़िज उस्मान अहमद ने कहा कि रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र व बरकतों वाला महीना हैं। रोज़ा सब्र, आत्मशुद्धि, संयम तथा खुदा की इबादत करने का एक अभ्यास है। यह हमें बुराइयों से रोकता है। रमज़ान के दौरान नमाज, कुरान की तिलावत, दुआ और जकात का विशेष महत्व है। यह हमें समाज में एक अच्छा व्यक्ति बनने का अवसर प्रदान करता है। रोज़ा इफ्तार में मो. हनीफ, हाफ़िज कमर, व्यापार मंडल अध्यक्ष महबूब आलम, जिला एकीकरण सदस्य कमलजीत सिंह नूर, डा. निसार अहमद, नसीम अहमद, डा. फुरकान, राशिद अहमद, तस्लीम अहमद, हाजी जमील अहमद, हाफ़िज हमीद, नईम अहमद एडवोकेट, डा. साहिल, डा. फय्याज, नसीम अहमद, नौशाद, शाहनवाज, साहिर, जाहिद अंसारी, जुल्फेकार अहमद, प्रधानाचार्य इफत्कार अहमद, अवधेश कुमार अनस, बसर, इकराम, नौशाद अहमद आदि हॉस्टल स्टूडेंट्स व हॉस्पिटल स्टाफ ने भाग लिया।

# 27 को रोज़ा इफ़्तार करायेंगे सुशील वर्मा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा 27 फरवरी जुमे की शाम को विशाल सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया जाएगा। सुशील वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रमज़ान पाक के शुभ अवसर पर उनके वर्मा मिनी मैरिज हॉल पर आगामी 27 फरवरी दिन जुमे की शाम विशाल रोजा इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रोजेदारों के लिये इफ्तार के बाद नमाज की व्यवस्था भी इफ्तार वाले स्थान पर ही रहेगी। उन्होंने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में रोज़ा इफ्तार में शामिल होकर नगर की एकता व भाईचारे की मिसाल को कायम रखें।

# नहटौर में 27 फरवरी को धूमधाम से निकलेगा रंग एकादशी का जुलूस

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर में आदर्श होली अमन कमेटी के तत्वावधान में मनाए जाने वाला होली महोत्सव का कार्यक्रम 27 फरवरी को एकादशी जुलूस के साथ प्रारंभ हो जाएगा। आयोजक काफी समय से नगर में निकलने वाले तीनों जुलूसों को अधिक भव्य बनाने के लिए तैयारी में जुटे हैं। इन जुलूसों में आयोजक हर वर्ष कुछ न कुछ नया प्रयोग करके जुलूसों को आकर्षक बनाया जाता है। जुलूसों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की सहभागिता होने पर यह आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बने हुए हैं। होली कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ जैन ने बताया कि एकादशी जुलूस का शुभारंभ भाजपा विधायक ओमकुमार द्वारा पंचायती मंदिर से किया जायेगा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# होली शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान जुलूस में कोई न डाले व्यवधान

## बैठक में बोले थानाध्यक्ष अवनीतमान

**नगीना ( चिंगारी )। थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आव्हान किया गया।**

मंगलवार की दोपहर थाना प्रांगण में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में थाना अध्यक्ष अवनीतमान ने मौजूद जिम्मेदार लोगों से कहा कि आगामी होली पर्व के मौके पर नगर में निकलने वाले चारों जुलूसों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि जुलूस के दौरान किसी भी शरारती तत्व ने व्यवधान पैदा करने की कोशिश की तो उसके साथ कड़ाई से निपटा जाएगा। उन्होंने जुलूस के आयोजकों से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा की जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस को तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे से भी पूरी निगरानी की जाएगी। इस मौके पर चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, प्रबंधक मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, लाला हरी गोपाल अग्रवाल, साहू संतोष कुमार अग्रवाल, सभासद गोपाल शर्मा, मोहमद शानू, अनंत जैन, राजकुमार विश्नोई, साहू सुयश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जैन समाज द्वारा धामपुर में देश की आज़ादी के पूर्व से निकाली जाती है स्वर्ण रथयात्रा

## 141वीं स्वर्ण रथयात्रा

–मनोज कात्यायन

धामपुर में चल रहे चार दिवसीय 141वें वार्षिक स्वर्ण रथयात्रा महामहोत्सव का इतिहास देश की आजादी से भी पुराना है, जिसका प्रमाण इस तथ्य का भी प्रतीक है कि इस प्राचीन एवं गौरवशाली रथयात्रा की शुरुआत सन् 1885 में की गई थी। इस रथयात्रा की विशेषता जहां प्रत्येक वर्ष बढ़-चढ़कर शामिल किए जाने वाले अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से जानी जाती है, वहीं यह रथयात्रा वर्तमान में उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरों और महानगरों तक ही सीमित न रहकर देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है।

नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तथा स्वर्ण रथ के निर्माण में समर्पित एवं निष्ठापूर्ण योगदान देने वाले स्वर्गीय साहू तुलसीराम के जीवन काल से जुड़े प्राचीन एवं ऐतिहासिक बिंदुओं के बारे में बताया जाता है कि 23वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान के नाम पर निर्मित इस मंदिर का निर्माण संवत 1937 में स्वर्गीय साहू तुलसीराम ने कराया था। मंदिर का निर्माण होने के बाद संवत 1939 में आठवें तीर्थंकर श्री चंद्रप्रभु भगवान, 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान की मूर्तियों के साथ ही 23वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान की दो मूर्तियों की स्थापना पंचकल्याणक महोत्सव के माध्यम से कराई गई थी।

चमत्कारिक शक्तियों के वास के रूप में दूर-दूर तक पहचान बन चुके धामपुर के इस श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से पिछले 140 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष निकाली जाने वाली इस प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्वर्ण रथयात्रा के बारे में जानकारी उपलब्ध कराते हुए नगर के समाजसेवी सुभाषचंद्र जैन तंबाकू वालों तथा राजीव कुमार जैन अफजलगढ़ वालों ने संयुक्त रूप से बताया कि इस स्वर्ण रथयात्रा की शुरुआत



सन् 1885 में हुई थी, जिसका इतिहास वर्तमान में 141 वें वार्षिक स्वर्ण रथयात्रा महामहोत्सव का स्वरूप सभी जैन धर्मावलंबी परिवारों के सहयोग से धारण कर चुका है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण रथयात्रा के दौरान बड़ी मंडी में पांडुक शिला पर श्रीजी का अभिषेक पिछले लगभग 90 वर्षों से होता रहा है, जिसकी परंपरा को छोटेलाल राजीव कुमार जैन फर्म की ओर से परिवार की संरक्षक श्रीमती गीता जैन के संरक्षण में निखिल कुमार जैन तथा उनके भाई आयुष कुमार जैन निरंतर आगे बढ़ाते रहने के प्रयास में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। सुभाष चंद्र जैन और राजीव कुमार जैन ने बताया कि 1885 में प्रारंभ हुई इस रथयात्रा के ऐतिहासिक बिंदुओं में यह भी शामिल है कि लगातार 6 वर्षों तक पांडुकशिला पर श्रीजी का अभिषेक शिवाजी पार्क में भी हुआ, इसके अतिरिक्त पिछले लगभग 30 वर्षों से नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मार्ग स्थित




शुभम मंडप में भी पांडुक शिला पर श्रीजी का अभिषेक नियमित रूप से दूसरी रथयात्रा के माध्यम से होता आ रहा है।

उन्होंने बताया कि साहू तुलसीराम जी के निधन उपरांत श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की देखरेख और व्यवस्था का दायित्व साहू राजेंद्र कुमार जैन के पास रहा। बाद में इस पूरी व्यवस्था को साहू सुंदरलाल जैन द्वारा भी प्रभावी रूप में पूर्णता दिलाई गई। इसके बाद मंदिर की व्यवस्था का कार्यभार तीर्थंकरों की अपार कृपा एवं अनुकंपा के आधार पर अपने जीवन के 100 बसंत देख चुके स्वर्गीय अभिनंदन कुमार जैन के हाथों में रहा और वर्तमान में मंदिर की व्यवस्था सकल जैन समाज के सहयोग से ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष संजीव कुमार जैन, महासचिव आलोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार जैन देख रहे हैं।

## रंग एकादशी से एक दिन पूर्व निकलती है दूसरी स्वर्ण रथ यात्रा

उन्होंने बताया कि पिछले कई दशकों की परंपरा के अंतर्गत फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी को भी धामपुर में दूसरी विशाल स्वर्ण रथयात्रा निकाली जाएगी। यह दूसरी रथयात्रा रंग, उमंग और तरंग के प्रतीक होली पर्व के आगमन का संदेश भी इस रूप में देती है कि दूसरी स्वर्ण रथयात्रा के अगले दिन फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी ( 27 फरवरी ) को ब्रज की होली के बाद अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके धामपुर के ऐतिहासिक रंग महोत्सव की शुरुआत होने वाली है, जिसकी तैयारी होली पर्व प्रेमियों ने अपने-अपने स्तर से प्रारंभ कर दी है।

## महावीर वाणी

⊙जिसे तू मारना चाहता है वह तू ही है। अर्थात उसकी और तेरी आत्मा एक समान है।

⊙हर व्यक्ति के प्रति दया भाव रखो। घृणा करने से तो सर्वनाश होता है।

⊙अगर आपको खुश रहना है तो दो चीजें हमेशा याद रखो भगवान को और अपनी मौत

⊙बाहरी दुश्मन की बजाय स्वयं से लड़ो। स्वयं पर विजय पाने से चरम आनंद की प्राप्ति होती है।

⊙क्रोध मानव जीवन को जलाकर राख कर देता है। संसार में धर्म के सिवा इंसान का कोई रक्षक नहीं है।

⊙आनन्द कहीं बाहर से नहीं आता, आत्मा स्वयं में ही सर्वज्ञ व आनंद से पूर्ण है।

संग्रह करना यह मनुष्य के आन्तरिक लोभ की झलक है।


141वें स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव
एवं 6 दिवसीय होलिकोत्सव
की सभी नगरवासियों, ग्राहकों को
हार्दिक शुभकामनाएं


अरुण कुमार जैन
संयोजक- स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव
जैन क्लाथ हाउस, खारी कुआं, धामपुर
विकास जैन एड.
जीएसटी एवं इनकम टैक्स अधिवक्ता
एवम् समस्त परिवारजन

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धामपुर
के 141वें वार्षिकोत्सव एवं स्वर्ण रथयात्रा
महोत्सव पर सभी नगरवासियों व ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं
वर्धमान मार्बल्स
जैन कन्या स्कूल के सामने, धामपुर
मार्बल पत्थर, कोटा स्टोन, टाइल्स की नई वैरायटी हमारे नये गोदाम निकट एजुकोल स्कूल नगीना मार्ग, धामपुर पर उपलब्ध है।

दीपक जैन कोषाध्यक्ष
मो. 7906784323

अहिंसा परमो धर्म
ट्रस्ट श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धामपुर के
141वें वार्षिकोत्सव
एवं स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव
के अवसर पर सभी नगरवासियों, ग्राहकों व सकल जैन समाज को हार्दिक शुभकामनाएं
निखिल जैन आयुष जैन
फर्म- छोटेलाल राजीव कुमार जैन
बड़ी मण्डी, धामपुर

जीवों पर दया करो
अतिशययुक्त ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, धामपुर
के 141 वें वार्षिकोत्सव एवं स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव
पर सभी नगरवासियों व ग्राहकों को
हार्दिक शुभकामनाएं


आदित्य जैन
बिन्दास फूड प्रोडक्ट
( आइसक्रीम निर्माता )
अपोजिट रेलवे माल गोदाम
ग्राम- जैतरा, धामपुर मो. 7017482803
मोहित जैन
( प्रोपराइटर )
सुधांशु कुमार जैन एण्ड कम्पनी
( किराना व्यवसायी )
बड़ी मण्डी, धामपुर
मो. 9368323925

अहिंसा परमो धर्म
श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धामपुर के 141वें वार्षिकोत्सव एवं स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव पर सभी धामपुर नगर वासियों, ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं
उदित जैन आदित्य जैन
वर्धमान टायल्स एंड मार्बल स्टोन
निकट नहटौर रेलवे क्रॉसिंग, धामपुर मो. 9412465204

141वां स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव
एवं 6 दिवसीय होलिकोत्सव
की सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं


ऋषभ जैन
8954870990
शुभम जैन
9149157582
श्री विशोक सागर एजेंसीज
ग्रीशा एंटरप्राइजेज
स्टेशन मार्ग निकट आर्य समाज मंदिर, धामपुर

जीवों पर दया करो
अतिशययुक्त ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धामपुर
के 141 वें वार्षिकोत्सव एवं स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव पर

सभी नगरवासियों व ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं

संजीव कुमार जैन
विपुल कुमार जैन
विपुल ट्रेडर्स जैन प्लाइवुड स्टोर बड़ी मंडी, धामपुर

अतिशययुक्त ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर
धामपुर के 141वें वार्षिकोत्सव एवं स्वर्ण रथयात्रा
महोत्सव की सभी जैन धर्मावलंबियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



संजय जैन
अध्यक्ष
श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी, धामपुर
सुगम जैन
जिला उपाध्यक्ष- प.उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, बिजनौर
मंडल अध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, धामपुर
सार्थक जैन
वरिष्ठ समाजसेवी
धामपुर
जैन बुक डिपो खारी कुआं, धामपुर

अहिंसा परमो धर्म
ट्रस्ट श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धामपुर के 141वें वार्षिकोत्सव
एवं स्वर्ण रथयात्रा महोत्सव
के अवसर पर सभी नगरवासियों, ग्राहकों व सकल जैन समाज को हार्दिक शुभकामनाएं

संजीव कुमार जैन अध्यक्ष
श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धामपुर
जैन ट्रेडर्स खारी कुआं, धामपुर (बिजनौर)

# मंडलायुक्त ने लगाकर ग्राम चौपाल, जाना योजनाओं का हाल

## रजिस्टर खाली मिलने पर लगायी फटकार, सुनी ग्रामीणों की गुहार



ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त।



नीचे बैठकर बच्चों से गुफ्तगू करते हुए मंडलायुक्त व डीएम।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तहसील सदर के ग्राम मुबारकपुर तालन स्थित समग्र विद्यालय परिसर में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान पंचायत भवन में रजिस्टर खाली और मानक के अनुरूप न मिलने पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म-मृत्यु पंजिका, उपस्थिति रजिस्टर, टीकाकरण अभिलेख, चल-अचल संपत्ति रजिस्टर सहित सभी पंजिकाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप अद्यतन की जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर आयुक्त एवं डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम सिंह, उपयुक्त मनरेगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंडलायुक्त ने समग्र विद्यालय परिसर स्थित पंचायत भवन, एस्ट्रोलॉजी लैब, पुस्तकालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। एस्ट्रोलॉजी लैब में बच्चों से प्रश्न पूछे गए, जिनके उत्तर संतोषजनक पाए गए। पुस्तकालय में पुरानी व नई पुस्तकों की उपलब्धता तथा सुव्यवस्थित व्यवस्था मिली। आंगनबाड़ी केंद्र में एलईडी व आधुनिक उपकरणों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दिये जाने पर मंडलायुक्त ने संतोष जताया।

मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों एवं अंत्योदय कार्डधारकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं तथा विधवा, दिव्यांग एवं निराश्रित पात्रों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं दो शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, बीज अनुदान योजना एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चेक वितरित किए गए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ग्राम चौपाल में उठाई गई सभी समस्याओं का गुणवत्ता के साथ शीघ्र समाधान कराया जाएगा।



बच्चे का अन्नप्राशन करते हुए मंडलायुक्त



महिलाओं की गोद भराई करते हुए मंडलायुक्त।

## रेस्टोरेशन वादों के निस्तारण के निर्देश दिये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया कि रेस्टोरेशन वादों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक प्रकरण में दोनों पक्षों को समुचित अवसर प्रदान करते हुए उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी जाए, तत्पश्चात तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर निर्णय लिया जाए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित रेस्टोरेशन वादों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंडल आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पूर्ण गंभीरता के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

## विदुर प्रेरणा मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंडलायुक्त आंजनेय कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में एनआरएलएम के अंतर्गत विकसित विदुर प्रेरणा मोबाइल एप्लीकेशन का बटन दबाकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब विदुर प्रेरणा ब्रांड की संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन 'विदुर प्रेरणा मोबाइल एप्लीकेशन' के माध्यम से होगी। यह मोबाइल एप्लीकेशन जनपद बिजनौर में विदुर प्रेरणा ब्रांड से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के निर्माताओं, विक्रेताओं के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में विकसित की गयी है। इससे पूर्व मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित दो विदुर कैफे का फीता काटकर उदघाटन किया गया।

## कार से टकराकर घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत



मृतक का फाइल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** कार से टकराकर घायल हुए बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम नगर के मोहल्ला फतेहनगर स्थित दक्ष कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय शुभम कुमार 21 वर्ष बाइक पर सवार होकर ग्राम नूरपुर छीबरी से घर लौट रहा था। जब ये बाबूजी इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचा तो उसकी बाइक आगे चल रही कार में पीछे से टकराकर पलट गई। इस घटना में शुभम के पेट में गुम चोट लगी। परिजनों द्वारा शुभम को उपचार हेतु नगर के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। रात भर हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे मंगलवार को उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये । वहां उसकी मृत्यु हो जाने पर परिजन शव को घर ले आए थे। बताया जाता है कि मृतक की आर्थिक स्थिति कमजोर है,वह एक कारखाने में ब्रुश बनाने का काम करता था। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रात में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## जिला अस्पताल के सुलभ शौचालय पर लटका रहता ताला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं एवं जनरल वार्ड के पास बने सुलभ शौचालय पर अक्सर ताला लटका रहने से मरीजों के तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनके साथ आए परिजन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।




तीमारदारों का कहना है कि इमरजेंसी और जनरल वार्ड के समीप शौचालय की सुविधा होने के बावजूद अधिकांश समय उस पर ताला लगा रहता है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब आसपास अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं रहती। मजबूरन लोगों को अस्पताल परिसर के बाहर जाना पड़ता है, जिससे विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काफी दिक्कत होती है। अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का बंद रहना स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा करता है। कई तीमारदारों ने बताया कि शिकायत करने पर भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। उनका कहना है कि यदि शौचालय की नियमित सफाई और देखरेख सुनिश्चित कर दी जाए तो समस्या आसानी से हल हो सकती है।

अब देखना यह है कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर कब तक स्थायी समाधान सुनिश्चित करते हैं।

# कैंसर पीड़ित एक और महिला की मौत से मचा कोहराम

## काशीरामपुर में नहीं रूक रहा कैंसर से मौत का सिलसिला

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी से मौतों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आज फिर कैंसर पीड़िता एक और महिला की मौत हो गई। गांव में एक के बाद कैंसर से मौत हो रही है। कैंसर ने अब तक 28 लोगों की जीवन लीला समाप्त कर दी। गांव में सर्वे के दौरान रिपोर्ट में पिछले 10-12 सालों में कैंसर से 26 मौत हो चुकी है। सोमवार को कैंसर से पीड़ित 27 वीं महिला संतोष शर्मा का निधन हुआ था। इस मौत से परिजनों के आंसू रुके भी नहीं थे कि अगले मंगलवार की रात्रि में एक और महिला जगवती देवी उर्फ जग्गो देवी (60 वर्ष) पत्नी हरि प्रकाश की कैंसर से मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। कैंसर से पीड़िता महिला की 28 वीं मौत से गांव एक बार फिर दहल गया। इस घटना से गांव में एक बार फिर शोक की लहर दौड़ गई। कैंसर से गांव में अब तक जग्गो देवी सहित 28 मौत हो चुकी है। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को लेकर गांव के लोग काफी परेशान है तथा डरे व सहमे हुए है। परिजनों ने बताया कि कुछ महीने पहले जग्गो देवी को पीलिया हुआ था, उसके चलते ही डॉक्टर के द्वारा कैंसर की बीमारी का पता चला। इनका उपचार हरिद्वार, ऋषिकेश कई जगह कराया गया लेकिन खतरनाक बीमारी कैंसर से इनकी जिंदगी को नहीं बचाया जा सका। मृतका के दो बेटे व दो बेटी है। एक बड़े बेटे रणजीत सिंह व दो बेटी सविता व कविता की शादी हो चुकी है। छोटा बेटा नितिन कुमार की अभी शादी नहीं हुई है। दोनों बेटे मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। वह मजदूरी कर अपनी मां का इलाज करा रहे थे। बीती रात जग्गो देवी के निधन से इनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतका का अंतिम संस्कार नांगल सोती के गंगा घाट पर किया गया। गांव में अभी भी 5 लोग कैंसर की बीमारी से जूझ रहे है। जिससे उनके परिवार भी काफी चिंतित है।



कैंसर पीड़ित महिला की मौत के बाद विलाप करते उनके परिजन।

### दोबारा कैंप लगाकर जांच कराई जाएगी

काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी से कुछ ग्रामीण ग्रसित है। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजकर जांच कराई गई थी। दोबारा से गांव में स्वास्थ्य विभाग कैंप लगवाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कराई जाएगी।

**-कौशेलेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर**

ग्राम काशीरामपुर में कैंसर से पीड़ितों की जानकारी मिली है। जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा धिकारी से इस संबंध में बात की जाएगी। ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाएगी।



**-भूपेंद्र सिंह बॉबी**
जिला अध्यक्ष भाजपा, बिजनौर

### स्वास्थ्य विभाग से सकारात्मक जवाब नहीं मिला: ब्लॉक प्रमुख

काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के आधिकारियों से बात की गई है, मगर उन्हें कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। इस संबंध में जिलाधिकारी से बात की जाएगी। जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराया जाएगा।



**-तपराज सिंह देशवाल**
ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद

## घरों में लगे हैंडपंपों के पानी की भी जांच होनी चाहिए: धनीराम सिंह



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। काशीरामपुर निवासी धनीराम सिंह का गांव में कैंसर की बीमारी के चलते कहना है कि गांव में अभी तक जिले स्तर से कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है, जबकि गांव में कैंसर से अब तक 28 मौतें हो जाने पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी टीम को गांव में आकर जांच करनी चाहिए थी। गांव में लगे सरकारी हैंडपंपों की तरह घरों में लगे हैंडपंपों के पानी की भी जांच होनी चाहिए। जिससे कैंसर की बीमारी आखिर कैसे फैल रही है इसका पता चल सके तथा आगे ग्रामीण इस भयंकर बीमारी की चपेट में आने से बच सके।

## ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है: पंचायत सेक्रेटरी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम काशीरामपुर के पंचायत सेक्रेटरी महेश कुमार ने बताया कि जल निगम की टीम के द्वारा गांव से 10 सरकारी हैंडपंपों के पानी का सैंपल जांच के भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट में 7 हैंडपंपों के पानी के नमूने फेल आने के बाद रिपोर्ट के अनुसार उक्त फेल हुए हैंडपंपों पर क्रॉस का निशान बना दिया गया है। गांव में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ग्रामीणों को भी साफ-सफाई के प्रति तथा स्वच्छ पानी पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## गांव में डॉक्टर तैनात हो, पानी की टंकी से आपूर्ति सही हो: सुशील राठी



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी के चलते गांव निवासी सुशील राठी का कहना है कि गांव में बने तालाब बहुत पुराने है। तालाबों की खुदाई कराकर साफ-सफाई होना जरूरी है। गांव में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की टीम नहीं है, गांव में लगी पेयजल टंकी के पानी की आपूर्ति पूरे गांव में सुचारु रूप से नहीं है जो विभाग के द्वारा लापरवाही का सबूत है।


कार्यालय
सहायक अभियन्ता-प्रथम
अफजलगढ़ सिंचाई उपखण्ड नगीना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय सहायक अभियन्ता-प्रथम, अफजलगढ़ सिंचाई उपखण्ड, नगीना के नियन्त्रणाधीन नहटौर मुख्य नहर के कि0मी0 3.400 से 3.800 तक खड़े 14 नं0 शीशम-5, अर्जुन-02 बकैन-01, आम-05, जामुन-01 के वृक्ष का नीलाम यथास्थिति (जो जैसा जहां है, के आधार पर) किया जायेगा। नीलाम में भाग लेने वाले व्यक्तियों को निर्धारित धरोहर धनराशि नीलाम प्रारम्भ होने से पूर्व नगद या बैंक ड्राफ्ट (ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता, अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड, धामपुर के नाम देय होगा) के द्वारा नीलामकर्ता के पास जमा करनी होगी। नीलामी में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति पर यदि विभागीय धनराशि बकाया है तो वह व्यक्ति नीलाम में भाग लेने हेतु पात्र नही होगा। नीलाम से सम्बन्धित शर्तो की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| लाट सं0/नाम | वृक्ष की प्रजाति | संख्या | धरोहर धनराशि | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलाम स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01/ नहटौर मुख्य नहर के कि0मी0 3.400 से 3.800 तक | शीशम-5 अर्जुन-02 बकैन-01 आम-05 जामुन-01 | 14 | 20000.00 | 10.03.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे | कार्यालय सहायक अभियन्ता-प्रथम अफजलगढ़ सिंचाई उपखण्ड नगीना निकट गॉधी मूर्ति के सामने नगीना (बिजनौर) |

R.O.No. 246753 Date: 23-02-2026
UPID.www.upgov.nic.in

सहायक अभियन्ता-प्रथम
अफजलगढ़ सिंचाई उपखण्ड
नगीना

# पूर्व सपा जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन के आवास पर 6 दिवसीय शबीना मुकम्मल

झालू ( चिंगारी )। नगर के मोहल्ला पीरज़ादगान स्थित समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन के आवास पर आयोजित 6 दिवसीय शबीना कार्यक्रम बड़े ही अनुशासन और आध्यात्मिक माहौल में मुकम्मल हुआ। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों से लोगों ने पहुंचकर कुरआन पाक की तिलावत सुनी और दुआ में शिरकत की।



## मौलाना ज़ाहिद ने करायी मुल्क में अमन-चैन की दुआ

हाफिज यूनुस उर्फ पप्पू ने निरंतर छठे दिन तक मुकम्मल तिलावत कर शबीना पूरा किया। उल्लेखनीय है कि कई वर्षों से राशिद हुसैन के आवास पर रमज़ान के मुकद्दस महीने में कुरआन पाक की तिलावत करते आ रहे हैं। पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादे और उनकी टीम ने संभाली, जिन्होंने मेहमानों की बैठने, रोशनी, पानी और अन्य इंतज़ामात को बेहद व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया। शबीना मुकम्मल होने के बाद जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ज़ाहिद ने अपने बयान में रमज़ान की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि रमज़ान मुबारक महीना रहमत और बरकतों का महीना है। यह पहला अशरा रहमतों का अशरा कहलाता है, जिसमें अल्लाह तआला की विशेष रहमत अपने बंदों पर नाज़िल होती है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला ने रमज़ान को अपना महीना करार दिया है और यही वह महीना है, जिसमें कुरआन शरीफ नाज़िल हुआ। कार्यक्रम के अंत में मौलाना ज़ाहिद ने पूरे मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ कराई। दुआ में बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर देश की तरक्की और समाज में सौहार्द बनाए रखने की दुआ की। इस अवसर पर मुफ़्ती हिफ़ज़ान कासमी, राजिब हुसैन, नवेद राशिद, एडवोकेट आवेस, इदरीस अहमद, पूर्व सभासद अलीम अहमद, पूर्व सभासद नसरीन अंसारी, असलम शेख, अकरम ठेकेदार, एडवोकेट मोहम्मद आदिल, मोनू, साइम सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रमज़ान सभी महीनों का सरदार

*मौलाना ज़ाहिद ने कहा कि रमज़ान सभी महीनों का सरदार है और इस महीने में हर मुसलमान को चाहिए कि वह अपने गुनाहों से तौबा करे, रोज़े रखे, ज्यादा से ज्यादा कुरआन पढ़े और नेकियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला बहुत बड़ा गफूर-उर-रहीम है और सच्चे दिल से तौबा करने वालों को माफ फरमाता है।*

# नगर पालिका ने कुपोषित बच्चों को आहार किट वितरित की

किरतपुर ( चिंगारी )। किरतपुर को कुपोषण की बेड़ियों से आजाद करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद किरतपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को पालिका परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पालिका प्रशासन और बाल विकास विभाग के साझा प्रयासों से कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद किरतपुर अधिशासी अधिकारी ने की, जबकि संचालन प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा द्वारा किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्तियां, बाल विकास पदाधिकारी और पालिका के तमाम कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर पालिका ईओ मेघा गुप्ता ने कहा कि किरतपुर को पूर्णतः कुपोषणमुक्त बनाना उनका मुख्य संकल्प है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केवल एक विभाग के प्रयास से यह संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वाह करना होगा। सामूहिक प्रयासों से ही हम बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर सकते हैं। ईओ मेघा गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में चिन्हित किए सभी बच्चों को उनकी शारीरिक जरूरतों के अनुसार पोषण किट उपलब्ध कराई गई है ताकि उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। कार्यक्रम में पालिका के प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेन्द्र सिंह सहित आंगनबाड़ी और पालिका स्टाफ मौजूद रहा।



# ग्रामीणों की मौजूदगी में लेखपाल ने की जोहड़ी की पैमाइश

## ग्राम समाज की आराजी के मात्र 7 पेड़ कटे मिले

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। ग्राम सीरवासुचंद में यूकेलिप्टस के पेड़ों के कटान को लेकर हाय-तौबा मचाने वालों को उस समय गहरा धक्का लगा, जब मंगलवार को लेखपाल ने ग्राम प्रधान व अनेक ग्रामीणों की मौजूदगी में जोहड़ी की पैमाइश कर उसकी निशान देही करते हुए ग्राम समाज की आराजी से यूकेलिप्टस के मात्र 7 पेड़ कटे हुए पाए। कुछ दिन पूर्व कुछ लोगों के द्वारा अधिकारियों को सूचना दी गई थी कि ग्राम सीरवासुचंद में सरकारी जमीन में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ काटकर राजस्व को बड़ा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसने पेड़ों के कटान को रूकवाते हुए राजस्व टीम को सूचित किया। मंगलवार को हलका लेखपाल तेजपाल सिंह ने वहां पहुंचकर राजस्व अभिलेखों में खसरा नंबर 21 में दर्ज जोहड़ी की पैमाइश कर उसकी निशान देही की। लेखपाल के मुताबिक जोहड़ी की जमीन से यूकेलिप्टस के मात्र 7 पेड़ कटे हुए पाए गए, जिन्हें ग्राम प्रधान पति शकील अहमद की सुपुर्दगी में दिया गया है, जबकि बाकी कटे हुए पेड़ निजी आराजी के मिले हैं। इस संबंध में पेड़ काटने वाले अय्यूब अहमद ने बताया कि अपनी निजी आराजी के पेड़ काटने के अलावा उनकी सरकारी भूमि से पेड़ काटने की कोई मंशा नहीं थी। अय्यूब अहमद का कहना है कि कुछ लोग द्वेष भावनापूर्ण ढंग से इसे तूल देकर अधिकारियों को भ्रमित करना चाहते थे, मगर पुलिस एवं राजस्व टीम ने निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए उनके नापाक इरादों को नाकाम कर दिया है।

# पुलिस ने चलाया 'ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ख़िलाफ़ सख्त एक्शन

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। स्थानीय पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और 'ड्रिंक एंड ड्राइव' (शराब पीकर वाहन चलाना) पर अंकुश लगाने के लिए सघन चैकिंग अभियान चलाया। सोमवार की शाम अफजलगढ़ पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी के नेतृत्व में नगर के जसपुर तिराहे पर शराब की दुकान के इर्द-गिर्द ब्रेथ एनालाइजर मशीन का उपयोग करते हुए सघन चैकिंग अभियान चलाते हुए वाहनों को रोक-रोककर चालकों की जांच की, ताकि नशे में गाड़ी चलाने वालों की तुरंत पहचान कर कानूनी कार्रवाही की जा सके। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दोटूक कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाते हुये पकड़ा गया तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चैकिंग करती अफजलगढ़ पुलिस।

# शिक्षामित्रों ने विधायक ओमकुमार को दिया धन्यवाद ज्ञापन



नहटौर ( चिंगारी )। कैम्प कार्यालय नहटौर पर सैकड़ों की संख्या में जनपद बिजनौर के सभी विकास खण्डों से आए शिक्षामित्र गणों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक ओमकुमार का स्वागत, अभिनंदन एवं धन्यवाद किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षामित्रों ने उपस्थित होकर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 किए जाने, कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल करने तथा निकटतम विद्यालय में

## कैशलेस सुविधा और 18 हज़ार मानदेय पर जताया आभार

समायोजन सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ओमकुमार ने शिक्षामित्रों से आत्मीय संवाद कर उनकी भावनाओं को सुना तथा सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी, कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के सम्मान, सुरक्षा एवं हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। सूचित मलिक प्रभारी पश्चिम, राधा चौधरी, पुनम कुमारी, लिया सिंह, संजू राणा, खुर्शीद अहमद, विनेश कुमार सैनी, योगराज सिंह, लाखन सिंह, भूपेंद्र सिंह, विनित कुमार, बुद्धू खां, सूरज यादव, भार्गव कुमार, सोमदेव सिंह, लइकुदिन, चन्दपाल सिंह, भूपेंद्र कुमार, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने ग्राम दहीरपुर में बिना अनुमति के हो रहा मस्जिद का निर्माण ध्वस्त कराया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** दहीरपुर में बिना अनुमति मस्जिद का निर्माण कराये जाने एवं उक्त स्थान पर रमज़ान के पहले दिन से नमाज़ अदा किये जाने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। बीती रात्रि पुलिस ने गांव में पहुंचकर उक्त निर्माण को ध्वस्त करा दिया। आज भूमि स्वामी का बीएनएसएस की धारा 163 के उल्लंघन में चालान किया गया है, जबकि अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों को मुचलका पाबंद किया जा रहा है। नांगल थानांतर्गत मुस्लिम बाहुल्य ग्राम दहीरपुर में पिछले कई दिनों से बिना प्रशासनिक अनुमति एक मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा था। दहीरपुर-काठपुर मार्ग पर पड़ने वाली नहर के समीप मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा था। एक दीवार काफी ऊंची बनाई जा चुकी थी, जबकि अन्य दीवारें अभी छोटी थीं। वहां एक छप्पर भी डाल दिया गया था। बताया जाता है कि जबसे रमजान शुरू हुआ है, तबसे उक्त स्थान पर कुछ ग्रामीण नमाज़ भी अदा कर रहे थे और रात को तरावीह भी पढ़ रहे थे। धीरे-धीरे निर्माण कार्य कराये जाने की योजना थी। मंगलवार की रात्रि पुलिस को बिना अनुमति मस्जिद का निर्माण कराये जाने की सूचना मिली, तो पुलिस में हड़कंप मच गया। काफी संख्या में पुलिस बल गांव में पहुंचा तथा जेसीबी से उक्त निर्माण को हटवा दिया। जिस भूमि में मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा था, वह गांव निवासी महबूब की है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि इस समय बीएनएसएस की धारा 163 (पूर्व में सीआरपीसी की धारा 144) लागू है। धारा 163 के उल्लंघन के आरोप में भूमि स्वामी महबूब का चालान किया जा रहा है। जबकि अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों को मुचलका पाबंद किया जा रहा है। गांव में शांति बनी हुई है।

# बीजेपी भटियाना मंडलाध्यक्ष बने हिमांशु पाराशर


हिमांशु का स्वागत करते हुये विधायक ओमकुमार।

**नहटौर ( चिंगारी )।** भाजपा संगठनात्मक चुनाव के अंतर्गत होल्ड पर चल रहे भटियाना मंडल के अध्यक्ष के रूप में हिमांशु पाराशर को मनोनीत किया है। मंगलवार को घोषित हुई सूची के अंतर्गत भटियाना मंडल से मटौरामान निवासी हिमांशु पाराशर को अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि के रूप में हेमंत चौहान को मनोनीत किया गया। बुधवार को विधायक ओमकुमार के कैंप कार्यालय पर नवनियुक्त भटियाना मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाराशर को विधायक ओमकुमार ने पटका पहनकर एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी हिमांशु पाराशर का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवमनोनीत मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाराशर ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन करेंगे।

# रंगीन कचरी और रसगुल्ले का सेम्पल लिया, हड़कम्प मचा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए कल दो दुकानों पर छापा मारा, जिससे कई और दुकानदार दुकान का शटर बंद करके भाग खड़े हुए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार, चीफ संजीव शर्मा के नेतृत्व में कल मार्केट में दो दुकानों पर छापा मारा और 4 कुंतल रंगीन कचरी मिली, जिसके सैंपल भरे और इसके अलावा इतवार में एक हलवाई की दुकान से 25 किलो रसगुल्ला के सैंपल भरे गए। मार्केट में छापेमारी की खबर मिलते ही अन्य कचरी बेचने वालों  में हड़कंप मच गया। इन दुकानदारों का कहना है कि पूरे बाजार में ही ऐसे ही कचरी बिक रही है। सभी पर छापा मारना चाहिए। चीफ संजीव शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
सातवां रोजा : बुधवार 25 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:17, शिया 6:27
आठवां रोज़ा : बृस्पतिवार, 26 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:22 शिया 5:15

शहजाद अहमद

# युवा नेता शेख़ मौ. ज़ैद की वालिदा का इंतकाल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी के सीनियर लीडर रहे नगर निवासी मरहूम नेता अब्दुल समी की अहलिया एवं युवा नेता शेख मौ. जैद की वालिदा श्रीमती शमा महजर का कल शाम इंतकाल हो गया। वह 62 साल की थी और लंबे समय से बीमार चल रही थी। इलाज के दौरान उन्होंने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में आखिरी सांस ली। निहायत नेक दिल व रोजा-नमाज की पाबंद रही शमा महजर के इंतकाल से शोक व्याप्त हो गया। गमगीन माहौल में उन्हें आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया। जनाजे में बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत कर उनके लिए दुआएं मगफिरत और गमजदा अहले खाना को सब्र-ए-जमील अता करने की अल्लाह से दुआएं की।

# शिविर का तीसरा दिन मतदाता जागरूकता शिविर के रूप में मनाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज, हल्दौर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन मतदाता जागरूकता के रूप में मनाया गया। शिविर का शुभारम्भ कॉलेज अध्यक्ष मानव मनोहर गहलौत एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। शिविर में कॉलेज की प्राचार्या डा. पकंज सिहं ने सभी स्वयं सेवियों से अपने भविष्य के लिए मतदान को आवश्यक तत्व बताया और उसके पश्चात डा. छाया कुमारी ने सभी स्वयं सेविकाओं को मतदान के प्रति हमें क्यो गंभीर रहना चाहिए बताया तथा कहा कि अपने मत का सही प्रयोग ही हमें एक दूरदर्शी राजनेता दे सकता हैं। इसलिए हमें अपना मत का प्रयोग सही व्यक्ति व सही राजनैतिक पार्टी को ही करना चाहिए। कॉलेज चेयरमैन मानव मनोहर गहलौत ने भी स्वयं सेविका को मत व मतदान के प्रति जागरूक रहने को कहा। स्वयं सेवियों ने समूह बनाकर गांव में घर-घर जाकर पुरुषों व महिलाओं को उनके मत की महत्ता के बारे में विस्तार से समझाया और कार्यक्रम अधिकारी ने भी स्व्यं सेवियों को मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. रंजना चौधरी, डा.सुमित शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# 'लक्ष्य' के डायरेक्टर अमित चौहान ने कार्यक्रम कराया
## सीएम योगी की अगुवाई में सिंगापुर में यूपी का परचम लहराया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे को लेकर वहां रह रहे प्रवासी भारतीयों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण दौरे के अवसर पर अमित चौहान तथा सिंगापुर की प्रतिष्ठित संस्था 'संस्कार' ने सक्रिय सहभागिता करते हुए उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय उद्यमियों, उद्योगपतियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। सभी ने उत्तर प्रदेश में औद्योगिक संभावनाओं, बेहतर कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और निवेश अनुकूल माहौल की सराहना की। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में लक्ष्य कॉलेज के डायरेक्टर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित चौहान की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उनके प्रयासों से प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच संवाद का मजबूत सेतु स्थापित हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए देश का सबसे उभरता हुआ राज्य बन चुका है और प्रवासी भारतीयों की भागीदारी से विकास को नई गति मिलेगी। संस्था 'संस्कार' के पदाधिकारियों ने भी कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश और प्रवासी भारतीय समुदाय के बीच संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस तेज़ी से विकास की ओर अग्रसर है, वह वैश्विक मंच पर भी सराहा जा रहा है। सिंगापुर में आयोजित यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के लिए अंतरराष्ट्रीय निवेश के नए द्वार खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# पिता की हत्या कर लाश के टुकड़े करने की घटना 'परवरिश' के खोट का परिणाम?

## बच्चों को ऊंचा उड़ने के साथ-साथ झुकना भी सिखाना होगा
## बड़ा आदमी ही नहीं अच्छा इंसान बनाने के प्रयास भी करने चाहिये

**-मरगूब रहमानी**

हाल ही में लखनऊ में एक बेटे द्वारा अपने ही पिता की हत्या कर शव के कई टुकड़े किये जाने की सनसनीखेज़ घटना ने सभ्य समाज को झकझोर कर रख दिया। वजह सिर्फ इतनी थी कि पिता बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और बेटा होटल खोलना चाहता था। पिता को पुत्र के भविष्य की चिंता थी, लेकिन बेटा अपनी राह सवयं चुनना चाहता था। बेटा भूल गया कि बचपन से जवान होने तक उसके पापा ने उसके लिए अच्छा ही सोचा है। पिता की ख्वाहिश बेटे की जिद के पत्थर को न तोड़ सकी और फिर यह मतभेद पिता की क्रूर मौत का कारण बन गया। जिस बाप ने उसे उंगली पकड़कर चलना सिखाया, उसी बाप को उसने पहले उन्हीं के लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारी और फिर क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए शव के धारदार हथियार से छोटे-छोटे टुकड़े कर दिये।



मानवेंद्र सिंह
मृतक पिता

अक्षत प्रताप
आरोपी बेटा

दिल दहला देने वाली इस घटना ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर दिया है। इस सनसनीखेज़ ख़बर ने हर उस मां-बाप के दिल को ज़ख़्मी किया है, जो अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपना वर्तमान कुर्बान कर देते हैं।

सोचिए, जिस पिता ने उंगली पकड़कर चलना सिखाया, जिसने बुखार में रात भर सिरहाने बैठकर सांसें गिनी होंगी, जिसने अपनी ज़रूरतों से पहले बच्चे की किताबें खरीदी होंगी, उसी के सीने में न केवल गोली दाग दी, बल्कि ममता की उस जीती जगती मूरत के काट-काट कर कई टुकड़े कर दिये। यह केवल एक इंसान की हत्या नहीं, यह उस भरोसे की हत्या है, जिस पर पूरा परिवार टिका होता है।

समाज को सोचना होगा कि हम बच्चों को ऊंचा उड़ना सिखाते हैं, झुकना क्यों नहीं सिखाते? हम उन्हें केवल जीतना सिखाते हैं, हारना या सहना क्यों नहीं सिखाते? हम उन्हें केवल बड़ा आदमी बनाना चाहते हैं, अच्छा इंसान क्यों नहीं? हमारी इसी लापरवाही के कारण जब वे बड़े होते हैं और उन्हें मतभेद का सामना करना पड़ता है तो वे सहन नहीं कर पाते, बात शब्दों तक नहीं रुकती, हथियार बन जाती है। लखनऊ की घटना में भी यही हुआ। मतभेद गुस्से में बदला और गुस्सा पिता की ही मौत का कारण बन गया।

### समझना होगा कि जड़ कट जाये तो पेड़ चाहे जितना ऊंचा हो गिर ही जाता है

युवा पीढ़ी को भी समझना होगा कि माता-पिता बोझ नहीं होते, वे जड़ होते हैं। जड़ कट जाए तो पेड़ कितना भी ऊंचा क्यों न हो, गिर ही जाता है। आज कई घरों में मां-बाप ज़िंदा हैं, पर अकेले हैं। बेटा कमरे में है, पिता यादों में।

यह घटना हर बेटे-बेटी से पूछ रही है कि क्या हमने अपने माता-पिता को सहारा समझा या रुकावट?

अगर पिता तुम्हें डॉक्टर बनाना चाहते हैं और तुम व्यापारी बनना चाहते हो, तो यह मतभेद है, दुश्मनी नहीं। रास्ते बदले जा सकते हैं, रिश्ते नहीं। जिस दिन मां-बाप नहीं रहेंगे, उस दिन उनकी डांट भी सबसे प्यारी याद बन जाएगी।

लखनऊ की यह घटना अदालत में अपराध है, पर समाज की अदालत में यह हमारी परवरिश का बुरा और भयानक परिणाम है। अगर हमने आज अपने बच्चों को रिश्तों की कीमत नहीं सिखाई, तो कल अख़बारों में अपराध नहीं, हमारी संवेदनहीनता छपेगी।

## एक साल से बिछड़े बच्चे को प्रेमधाम आश्रम ने परिवार से मिलाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित प्रेमधाम आश्रम ने एक बार फिर मानवता की सच्ची भावना का परिचय देते हुए करीब एक साल पहले बिछड़े हुए बालक को उसके परिवार से मिलवाया है। एक साल बाद अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजन काफी खुश हुए। नगर के प्रेमधाम आश्रम को एक वर्ष पूर्व मानसिक हालत से कमजोर एक बच्चा मिला था, जिसे आश्रम के पदाधिकारी ने अच्छा वातावरण देकर व उपचार करा कर उसे ठीक किया। बच्चों की मानसिक हालत ठीक होने पर एक साल बाद प्रेमधाम आश्रम की टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया। बिजनौर निवासी समाजसेवी समर सिंह राजपूत को यह बच्चा एक वर्ष पूर्व लावारिस अवस्था में मिला था। उन्होंने नजीबाबाद गायत्री शक्ति पीठ के पंडित दीपक कुमार के सहयोग से इस बच्चे को प्रेमधाम आश्रम पहुंचाया था। बच्चे के ठीक होकर अपना पता व फोन नंबर बताने पर प्रेमधाम आश्रम के पदाधिकारियों ने बालक मोहित पुत्र कमलेश तिवारी निवासी बसंत विहार, घाटमघाट कानपुर के परिजनों से संपर्क कर बच्चा उन्हें सौंप दिया। अपने बेटे को सकुशल वापस पाकर परिवार ने आश्रम व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## 13 साल के दो दोस्त रमजान में रख रहे पूरे रोज़े

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में मात्र 13 साल की उम्र में दो दोस्त रमजान के पूरे रोज़े रखने के साथ नमाज व तराबीह पढ़कर इबादत कर रहे है। नगर के मौहल्ला संतोमालन निवासी हैंडीक्राफ्ट व्यापारी अनवर मुल्तानी का 13 वर्षीय बेटा उजैफ मुल्तानी तथा उसका 13 वर्षीय दोस्त पत्रकार नौशाद मुल्तानी का बेटा अकबर मुल्तानी रमजान शुरू होते ही अपने परिवार के साथ सेहरी में उठकर सेहरी खाने के साथ पहले रमजान से ही पूरे रोज़े रख रहे है। यह दोनों सात रोज़े रख चुके है। दोनों दोस्त रोज़े रखने के साथ रोज एक साथ मस्जिद में जाकर नमाज व तराबीह भी पढ़ रहे है। दोनों बच्चों के इतनी कम उम्र में रोज़े रखने व नमाज तथा तराबीह पढ़ने पर परिजनों ने खुशी जताते हुए दोनों बच्चों को दुआओं से नवाजा है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक
असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# सैनिक 'वेतन' के लिए नहीं 'वतन' के लिए जीते हैं : स्वामी चिदानन्द

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रसेवा, शौर्य, समर्पण एवं बलिदान की दिव्य परंपरा को नमन करते हुए राष्ट्रीय सैनिक संस्था का अठारहवां राष्ट्रीय अधिवेशन सत्याग्रह मंडप, राजघाट स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति परिसर में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, सैन्य अधिकारियों, समाजसेवियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस अधिवेशन को राष्ट्रीय एकता और सैनिक सम्मान का विराट मंच बना दिया। शुभारंभ राष्ट्रगान, शहीदों की आरती एवं शंखनाद के साथ हुआ। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती, राज्यपाल उत्तराखंड गुरमीत सिंह, जैन संत आचार्य लोकेश मुनि, विजय गोयल पूर्व केंद्रीय मंत्री, पवन सिन्हा, राजन छिब्बर उपस्थित रहे। चिदानन्द सरस्वती ने सैनिकों के त्याग और तपस्या को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा, कि सैनिक वेतन के लिये नहीं, वतन के लिये जीते हैं। उनका जीवन अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा कि सैनिक केवल सीमाओं की रक्षा नहीं करते, बल्कि वे राष्ट्र की संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान के भी रक्षक हैं। उनके त्याग के कारण ही देश सुरक्षित, स्वतंत्र और समृद्ध है। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में सैनिकों के साहस और बलिदान को राष्ट्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि भारत की सीमाओं की सुरक्षा केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि सैनिकों की निष्ठा और समर्पण से सुनिश्चित होती है। राज्यपाल ने शहीद परिवारों को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके सम्मान और कल्याण की प्रतिबद्धता दोहरायी। अधिवेशन के दौरान शहीद सैनिकों के परिजनों और वीरांगनाओं का विशेष सम्मान किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर वीर परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। सैनिकों के योगदान पर आधारित सांस्कृतिक एवं प्रेरक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, त्याग और बलिदान पर आधारित एकल नाट्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसने देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया।

## दिखावे को आंदोलन कर रही कांग्रेस -मनवीर

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा ने गोठ, खत्तों को लेकर कांग्रेस के समर्थन और प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि चुनाव की आहट से पूर्व कांग्रेस की सक्रियता उनका दिखावे का समर्थन है और उसकी मंशा नहीं दुष्प्रचार का वातावरण निर्मित करना है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने के लिए कसरत अंतिम चरण में है। जल्दी ही कैबिनेट में इस पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन राजस्व ग्रामों को लेकर पूर्व में कांग्रेस सरकार वहां के निवासियों को छलती रही है, लेकिन जमीन पर उनकी सुविधाओं के लिए कोई कार्य नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी, 2014 के बाद अब तक लगभग 3 करोड़ गरीब परिवारों के लिए आवास बनवा चुके है, इसलिए विपक्ष की चिंता पूरी तरह राजनैतिक है। उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में होने वाले इस धरना प्रदर्शन को कांग्रेस की गुटीय प्रतिस्पर्धा बताया। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि समान मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग धड़े, अपने-अपने आंदोलन कर जनमानस की दिनचर्या को बाधित करने में लगे हैं। कांग्रेस पार्टी आज इतनी कमजोर हो गई है कि उन्हें प्रदर्शन करने के लिए राज्य आंदोलन द्रोहियों की मदद लेनी पड़ रही है।

## दून पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर नाबालिग को बरामद किया

**देहरादून ( चिंगारी )।** थाना राजपुर में पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी कि उनकी नाबालिग बहन घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसे ढूंढने का काफी प्रयास किया गया, किन्तु वो कहीं नहीं मिली। तहरीर के आधार पर थाना राजपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रकरण की संवेदनशीलता के दृष्टिगत नाबालिग की बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थाना राजपुर पर गठित पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल तथा आस-पास आने-जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों से आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। जानकारी के आधार पर सुरागरसी पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। साथ ही इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर भी नाबालिग को ढूंढने का प्रयास किया गया। जांच के दौरान नाबालिग को मिंटू नाम के एक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाना प्रकाश में आया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आईटी पार्क गेट सहस्त्र धारा रोड के पास से अभियुक्त मिंटू को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से नाबालिक युवती को बरामद किया गया। युवती से पूछताछ के उपरान्त बयानों के आधार पर अभियोग में धारा 64 बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई।

## 'भारत को जानो' प्रतियोगिता के विजेता किये पुरस्कृत

### भारत विकास परिषद् द्वारा समारोह आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद की ओर से जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में नगरीय क्षेत्र में आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार कुकरेती व विशिष्ट अतिथि प्रदीप नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के संयोजक गोपाल चन्द्र बंसल ने बताया कि नगर क्षेत्र में आयोजित प्रतियोगिता में 21 स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हैप्पी होम स्कूल पहले, बाल शिक्षा निकेतन दूसरे व हिमालय एकेडमी तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बी डी एस एन पब्लिक स्कूल को सांत्वना पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में टी सी जी पब्लिक स्कूल ने पहला,आदर्श पब्लिक स्कूल ने दूसरा और मदरलैंड एकेडमी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज को सांत्वना पुरस्कार मिला। साथ ही विद्यालय स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 66 छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, उपसचिव दीपक कपटियाल, संयोजक गोपाल बंसल, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, तोताराम पांथरी, सेवकराम मानुजा, विष्णु कुमार अग्रवाल और श्रीकृष्ण सिंघानिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 'सरकार शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से ले'

### जू.हा. स्कूल पूर्व मा. शिक्षक संघ की बैठक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में देहरादून में शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल से हुई मारपीट सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। कहा कि अधिकारी के साथ इस तरह की घटना चिंता का विषय है। वक्ताओं ने देहरादून में शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल से हुई मारपीट की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक की मौजूदगी में शिक्षा निदेशक से मारपीट की गई। यह घटना चिंता का विषय है। इसके दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। मौके पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2011 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करने की बाध्यता से मुक्त रखने की भी मांग उठाई गई। कहा कि सरकार को शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस मौके पर संघ के जिलामंत्री भोपाल सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत, दीवान सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह नेगी, नागेंद्र डोबरियाल, हुकुम सिंह, चंद्रमोहन बिष्ट, रश्मि बिष्ट, राकेश मोहन, संदीप गुसाईं, पूरन सिंह, कुलदीप रावत, कैलाश थपलियाल, दिनेश सोनी, शैलेंद्र जोशी, विपिन चौहान, जयवीर पयाल आदि मौजूद रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## 'गोदान' फिल्म देखने उमड़ी महिलाओं की भीड़

### राज्य महिला आयोग अध्यक्ष के आह्वान पर हुई प्रदर्शित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के आह्वान पर आज ऋषिकेश के 'रामा पिक्चर पैलेस' में गौ-संवर्धन और सांस्कृतिक चेतना पर आधारित फिल्म गोदान' के विशेष प्रदर्शन में महिलाओं ने शिरकत कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कुसुम कंडवाल ने कहा कि गौ-संवर्धन आधारित फिल्म 'गोदान' के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक और प्रेरणादायी संदेश प्रसारित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गौ-संरक्षण व गौ-संवर्धन की यह कहानी समाज की सोच बदल सकती है। गाय केवल आस्था नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, समाज और विज्ञान का संगम है। यह फिल्म वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ-साथ आधुनिकता एवं परंपराओं का एक अद्वितीय समन्वय प्रस्तुत करती है। कंडवाल ने आगे कहा कि गौ माता के प्रति श्रद्धा और सेवा भाव हमारे संस्कारों का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह आयोजन केवल एक फिल्म प्रदर्शन नहीं, बल्कि गौ-सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में सरोज डिमरी, माधवी गुप्ता, सुंदरी कंडवाल, कमला नेगी, लक्ष्मी सेमवाल, सोनी रावत, पुष्पा ध्यानी, अनिता तिवाड़ी, रीना शर्मा, नीलम चमोली, हिमानी कौशिक, निवेदिता सरकार, निर्मला उनियाल, माधुरी नरेंद्र शर्मा, सीमा पंवार, आरती कौशिक आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पत्नी से विवाद के चलते ससुराल गये युवक ने ज़हर खाकर आत्महत्या की

नजीबाबाद (चिंगारी)। ससुराल गए युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जिससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व ही मृतक की पत्नी विवाद के चलते अपने मायके चली गई थी। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी 30 वर्षीय संजय पुत्र तिलक राम सड़क पर गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि संजय शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे हैं। परिजनों का कहना है कि संजय की पत्नी मंजू विवाद के चलते अपने मायके ग्राम भैरेकी थाना कोतवाली देहात चली गई थी। रविवार को भैरेकी मे मंजू के परिवार में ही किसी पारिवारिक कार्यक्रम में संजय भी शामिल हुआ था। शाम को घर वापसी के समय मौअज्जमपुर मार्ग से संजय ने अपने परिजनों को फोन करके बताया कि उसने जहर खा लिया है। परिजनों ने उसे बिजनौर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने संजय की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। उपचार के दौरान संजय की मृत्यु हो गई। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि संजय ने अपनी ससुराल में जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई, ऐसी सूचना मिली है। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना


मेरा पुत्र आबिद मेरे कहने सुनने में नही था, इसलिए मैने परेशान होकर अपने पुत्र आबिद से दिनांक-29-01-2025 से समस्त प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिये थे तथा उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। आबिद के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

-शफीक अहमद पुत्र रहमतुल्ला, निवासी जोगीरम्पुरी थाना नगीना देहात, (रायपुर सादात) नजीबाबाद, जिला बिजनौर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रचित गुप्ता की जगह रचित कुमार गुप्ता रख लिया है भविष्य मुझे इसी नाम से जाना जाए।

-रचित कुमार गुप्ता पुत्र श्री नरेश चंद्र गुप्ता, मोहल्ला मुगलूशाह तहसील रोड, रामकली भवन नजीबाबाद जिला बिजनौर (यूपी)


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


Bachpan
SPROUT CURRICULUM
TAP YOUR CHILD'S FULL POTENTIAL WITH BACHPAN PLAY SCHOOL


ADMISSIONS OPEN
PLAY GROUP | NURSERY | LKG | UKG
35K+ Hrs. of Curriculum Research
20+ Years of Expertise
Crafted by Leading Education Experts
Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144
Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स

Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928